## राधा चालीसा in Hindi

॥ दोहा ॥
श्री राधे वुषभानुजा,
भक्तनि प्राणाधार ।
वृन्दाविपिन विहारिणी,
प्रानावौ बारम्बार ॥

जैसो तैसो रावरौ,
कृष्ण प्रिया सुखधाम ।
चरण शरण निज दीजिये,
सुन्दर सुखद ललाम ॥

॥ चौपाई ॥
जय वृषभान कुँवरी श्री श्यामा ।
कीरति नंदिनी शोभा धामा ॥

नित्य विहारिनि श्याम अधारा ।
अमित मोद मंगल दातारा ॥

रास विलासिनि रस विस्तारिनि ।
सहचरि सुभग यूथ मन भावनि ॥

नित्य किशोरी राधा गोरी ।
श्याम प्राणधन अति जिय भोरी ॥

करुणा सागर हिय उमंगिनी ।
ललितादिक सखियन की संगिनी ॥

दिनकर कन्या कूल विहारिनि ।
कृष्ण प्राण प्रिय हिय हुलसावनि ॥

नित्य श्याम तुमरौ गुण गावैं ।
राधा राधा कहि हरषावैं ॥

मुरली में नित नाम उचारें ।
तुव कारण लीला वपु धारें ॥

प्रेम स्वरूपिणि अति सुकुमारी ।
श्याम प्रिया वृषभानु दुलारी ॥

नवल किशोरी अति छवि धामा ।
द्युति लघु लगै कोटि रति कामा ॥१०

गौरांगी शशि निंदक बदना ।
सुभग चपल अनियारे नयना ॥

जावक युत युग पंकज चरना ।
नूपुर धुनि प्रीतम मन हरना ॥

संतत सहचरि सेवा करहीं ।
महा मोद मंगल मन भरहीं ॥

रसिकन जीवन प्राण अधारा ।
राधा नाम सकल सुख सारा ॥

अगम अगोचर नित्य स्वरूपा ।
ध्यान धरत निशिदिन ब्रज भूपा ॥

उपजेउ जासु अंश गुण खानी ।
कोटिन उमा रमा ब्रह्मानी ॥

नित्य धाम गोलोक विहारिणि ।
जन रक्षक दुख दोष नसावनि ॥

शिव अज मुनि सनकादिक नारद ।
पार न पाँइ शेष अरु शारद ॥

राधा शुभ गुण रूप उजारी ।
निरखि प्रसन्न होत बनवारी ॥

ब्रज जीवन धन राधा रानी ।
महिमा अमित न जाय बखानी ॥२०

प्रीतम संग देइ गलबाँही ।
बिहरत नित वृन्दावन माँही ॥

राधा कृष्ण कृष्ण कहैं राधा ।
एक रूप दोउ प्रीति अगाधा ॥

श्री राधा मोहन मन हरनी ।
जन सुख दायक प्रफुलित बदनी ॥

कोटिक रूप धरें नंद नंदा ।
दर्शन करन हित गोकुल चंदा ॥

रास केलि करि तुम्हें रिझावें ।
मान करौ जब अति दुःख पावें ॥

प्रफुलित होत दर्श जब पावें ।
विविध भांति नित विनय सुनावें ॥

वृन्दारण्य विहारिणि श्यामा ।
नाम लेत पूरण सब कामा ॥

कोटिन यज्ञ तपस्या करहु ।
विविध नेम व्रत हिय में धरहु ॥

तऊ न श्याम भक्तहिं अपनावें ।
जब लगि राधा नाम न गावें ॥

वृन्दाविपिन स्वामिनी राधा ।

लीला वपु तब अमित अगाधा ॥३०

स्वयं कृष्ण पावैं नहिं पारा ।
और तुम्हें को जानन हारा ॥

श्री राधा रस प्रीति अभेदा ।
सादर गान करत नित वेदा ॥

राधा त्यागि कृष्ण को भजिहैं ।
ते सपनेहुँ जग जलधि न तरि हैं ॥

कीरति कुँवरि लाड़िली राधा ।
सुमिरत सकल मिटहिं भव बाधा ॥

नाम अमंगल मूल नसावन ।
त्रिविध ताप हर हरि मनभावन ॥

राधा नाम लेइ जो कोई ।
सहजहि दामोदर बस होई ॥

राधा नाम परम सुखदाई ।
भजतहिं कृपा करहिं यदुराई ॥

यशुमति नन्दन पीछे फिरिहैं ।
जो कोऊ राधा नाम सुमिरिहैं ॥

रास विहारिणि श्यामा प्यारी ।
करहु कृपा बरसाने वारी ॥

वृन्दावन है शरण तिहारी ।
जय जय जय वृषभानु दुलारी ॥४०

॥ दोहा ॥
श्री राधा सर्वेश्वरी,

रसिकेश्वर धनश्याम ।
करहुँ निरंतर बास मैं,
श्री वृन्दावन धाम ॥

## Radha Chalisa in English

**॥ Doha ॥**
**Shree Radhe Vrushabhanuja,**
**Bhaktani Pranadhar.**
**Vrindavipin Viharini,**
**Pranavau Barambaar.**

**Jaiso Taiso Raavro,**
**Krishna Priya Sukhdham.**
**Charan Sharan Nij Dijiye,**
**Sundar Sukhad Lalam.**

**॥ Chaupai ॥**
**Jay Vrushabhan Kunwari Shree Shyama,**
**Keerati Nandini Shobha Dham.**

**Nitya Viharini Shyam Adhara,**
**Amit Mod Mangal Datara.**

**Raas Vilasini Ras Vistarini,**
**Sahchari Subhag Yuth Man Bhavani.**

**Nitya Kishori Radha Gori,**
**Shyam Pranadhan Ati Jiy Bhori.**

**Karuna Sagar Hiy Umangini,**
**Lalitadik Sakhiyan Ki Sangini.**

**Dinkar Kanya Kool Viharini,**
**Krishna Pran Priya Hiy Hulasavani.**

**Nitya Shyam Tumro Gun Gaavein,
Radha Radha Kahi Harshavain.**

**Murli Mein Nit Naam Uchare,
Tuv Kaaran Leela Vapu Dhaare.**

**Prem Swaroopini Ati Sukumari,
Shyam Priya Vrushabhanu Dulaari.**

**Naval Kishori Ati Chhavi Dham,
Dyuti Laghu Lagai Koti Rati Kama.**

**Gaurangi Shashi Nindak Badana,
Subhag Chapal Aniyare Nayana.**

**Jaavak Yut Yug Pankaj Charna,
Noopur Dhuni Preetam Man Harna.**

**Santat Sahchari Seva Karein,
Maha Mod Mangal Man Bharein.**

**Rasik Jivan Pran Adhara,
Radha Naam Sakal Sukh Sara.**

**Agam Agochar Nitya Swaroopa,
Dhyan Dharat Nishidin Braj Bhoopa.**

**Upjeu Jaasu Ansh Gun Khani,
Kotin Uma Rama Brahmani.**

**Nitya Dham Golok Viharini,
Jan Rakshak Dukh Dosh Nasavani.**

**Shiv Aj Muni Sanakadik Narad,
Par Na Pai Shesh Aru Sharad.**

**Radha Shubh Gun Roop Ujaari,
Nirakhi Prasann Hot Banwari.**

**Braj Jeevan Dhan Radha Rani,**
**Mahima Amit Na Jay Bakhani.**

**Preetam Sang Dei Galbahi,**
**Biharat Nit Vrindavan Mahi.**

**Radha Krishna Krishna Kahain Radha,**
**Ek Roop Dou Preeti Agadha.**

**Shree Radha Mohan Man Harani,**
**Jan Sukh Dayak Praphulit Badani.**

**Kotik Roop Dharein Nand Nanda,**
**Darshan Karan Hit Gokul Chanda.**

**Raas Keli Kari Tumhein Rijhave,**
**Maan Karau Jab Ati Dukh Paave.**

**Praphulit Hot Darsh Jab Paave,**
**Vividha Bhanti Nit Vinay Sunave.**

**Vrindaranya Viharini Shyama,**
**Naam Let Pooran Sab Kama.**

**Kotin Yagya Tapasya Karahu,**
**Vividha Nem Vrat Hiy Mein Dharahu.**

**Tau Na Shyam Bhaktahin Apnaave,**
**Jab Lagi Radha Naam Na Gaave.**

**Vrindavipin Swamini Radha,**
**Leela Vapu Tab Amit Agadha.**

**Swayam Krishna Paave Nahin Para,**
**Aur Tumhein Ko Janan Hara.**

**Shree Radha Ras Preeti Abheda,**
**Saadar Gaan Karat Nit Veda.**

**Radha Tyagi Krishna Ko Bhajihein,**
**Te Sapnehun Jag Jaladhi Na Tari Hain.**

**Keerati Kunwari Laadili Radha,**
**Sumirat Sakal Mitahin Bhav Badha.**

**Naam Amangal Mool Nasavan,**
**Trividh Taap Har Har Manbhavan.**

**Radha Naam Lei Jo Koi,**
**Sahajahi Damodar Bas Hoi.**

**Radha Naam Param Sukhdaai,**
**Bhajatahin Kripa Karahin Yadurai.**

**Yashumati Nandan Peeche Phirihain,**
**Jo Koo Radha Naam Sumirihain.**

**Raas Viharini Shyama Pyari,**
**Karahu Kripa Barsane Vaari.**

**Vrindavan Hai Sharan Tihari,**
**Jay Jay Jay Vrushabhan Dulaari.**

**|| Doha ||**
**Shree Radha Sarveshwari,**
**Rasikeshwar Dhanashyam.**
**Karahun Nirantar Bas Main,**
**Shree Vrindavan Dham.**